मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 215 ■ गुरुवार 20 नवंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**ऐश्वर्या राय ने PM मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया**

# उल्हासनगर में बनेंगे 3578 किफायती घर

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनेंगे घर

## 723 करोड़ की परियोजना जारी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को किफायती घर उपलब्ध कराने के लिए एक बड़ी आवास निर्माण परियोजना शुरू की है। इसके लिए, मनपा ने 3,578 घरों के निर्माण के लिए एक विस्तृत टेंडर की घोषणा की है। इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 723 करोड़ 11 लाख 38 हजार रुपये निर्धारित की गई है। कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने इसके लिए लगातार प्रयास किया था। इस बीच, भाजपा ने विधायक कुमार आयलानी के कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर श्रेय लेने की कोशिश की है।

### भाजपा और शिवसेना में श्रेय लेने की होड़





उल्हासनगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को किफायती घर उपलब्ध कराने के लिए एक बड़ी आवासीय परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत 3578 घरों के निर्माण के लिए विस्तृत निविदा की घोषणा की गई है। इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 723 करोड़ 11 लाख 38 हजार रुपये निर्धारित की गई है। उल्हासनगर क्षेत्र में आवास की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए, निम्न आय वर्ग के नागरिकों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और किफायती घर उपलब्ध कराने में यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। ये घर सरकारी नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे। यह आवास परियोजना सांसद डॉ. शिंदे की पहल पर क्रियान्वित की जा रही है, जिन्होंने शहर में सड़कों के कंक्रीटीकरण, अनधिकृत भवनों के पुनर्विकास की स्वीकृति जैसे कई विकास कार्यों को गति दी है और वास्तविक निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा।

उल्हासनगर-4 के संतोष नगर क्षेत्र और उल्हासनगर-5 के प्रेमनगर टेकड़ी क्षेत्र में भूखंडों पर क्रमशः 1789 और 1789 कुल 3578 मकानों का निर्माण किया जाएगा। इन मकानों के साथ-साथ पक्की सड़कें, जल आपूर्ति व्यवस्था, सीवेज नेटवर्क, बिजली आपूर्ति व्यवस्था, सामाजिक बुनियादी ढाँचा और आत्मनिर्भर बस्तियों के लिए आवश्यक सभी नागरिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत सर्वेक्षण, मृदा परीक्षण, योजना और मानचित्र तैयार करना, भवन निर्माण और मकानों के साथ-साथ सभी आवश्यक आंतरिक और बाह्य बुनियादी ढाँचे के निर्माण की ज़िम्मेदारी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित ठेकेदार को सौंपी जाएगी।

### कहाँ बनेंगे 3578 घर?

इस योजना के अंतर्गत उल्हासनगर में दो प्रमुख भूखंडों पर घर बनाए जाएँगे।

- उल्हासनगर 4 : संतोषनगर क्षेत्र 1789 घर
- उल्हासनगर 5 : प्रेमनगर टेकड़ी क्षेत्र 1789 घर

कुल 3578 आधुनिक, सुरक्षित और किफायती घर बनाए जाएँगे।

# नगराध्यक्ष पद के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में





- अंबरनाथ में 54 उम्मीदवारों के नामांकन अवैध
- 400 में से 346 उम्मीदवार मैदान में
- नगराध्यक्ष पद के 11 उम्मीदवार मैदान में
- 3 नामांकन अवैध

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव में 29 प्रभाग के 59 वार्ड के लिए 400 इच्छुक उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था. जिसमें से 54 उम्मीदवारों के नामांकन अवैध हो गए हैं. अव 346 उम्मीदवारों मैदान में रह गए हैं. ऐसी अधिकृत जानकारी नपा के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ द्वारा जारी की गई है. नगराध्यक्षा के लिए 14 महिलाओं ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से 3 नामांकन अवैध ठहराए गए हैं. करंजुले पाटिल सुनिता, खान बुशरा नाहेद और शिवसेना के उम्मीदवार मनिषा अरविंद वालेकर ने 2 नामांकन दाखिल किया था. वह अवैध ठहराए गए हैं. अब 11 नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवार मैदान में हैं.

### किस पार्टी के कितने नामांकन हुए रद्द...

400 इच्छुकों में से जिन 54 उम्मीदवारों के नामांकन अवैध हुए हैं, उनमें भाजपा 16, अपक्ष 17, शिवसेना 8, कांग्रेस 7, उबाठा 2, राकांपा (शप) 3, राकांपा (अप) 1 है. भाजपा के सर्जेराव माहूरकर, कांग्रेस के ब्रिजलाल जैसवाल, पंकज पाटिल, सेना के नासिर कुंजाली, प्रकाश डावरे, भाजपा के राजेंद्र कुलकर्णी, अजित खरात, विष्णु तेलंगे, अजहरूद्दीन कुरैशी अपक्ष के नामांकन अवैध करार दिए गए हैं. शेष बचे उम्मीदवार 19 से 21 नवंबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं. नपा से एक प्रेस रिलीज जारी करके बताया गया है कि निर्दलीय उम्मीदवारों को 26 नवंबर बुधवार को निशानी सुबह 11 बजे वितरित की जाएगी. नपा कार्यालय में उपस्थित रहने की अपील की गई है.

## अंबरनाथ में तलवार से हमला मामला

# 8 घंटे में आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अंबरनाथ।** जावसाई के फुलेनगर और बुआपाड़ा इलाकों में तलवार से हमला मामले में पुलिस ने महज आठ घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें दो नाबालिग समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपियों ने सोमवार की शाम को एक ही दिन तीन जगहों पर वारदात को अंजाम दिया। पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने पहले बुआपाड़ा के कामगार पुतला इलाके में बाइक से टक्कर लगने की बात कहकर दिनेश सालुंखे के बेटे पर हमला करने की कोशिश की थी। इसमें दिनेश सालुंखे के बाएं हाथ में वार लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### 2 नाबालिग समेत सात आरोपी हिरासत में

इस दौरान उन्होंने हवा में हथियार लहराकर दहशत फैलाई। इसके बाद आरोपी यहीं नहीं रुके और फुलेनगर की एक वेल्डिंग की दुकान में घुसकर सुधीर सिंह नाम के युवक पर धारदार तलवार और दरांती से हमला कर दिया। इस मामले में अंबरनाथ पुलिस ने तुरंत जाँच शुरू की और आठ घंटे के भीतर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें से दो नाबालिग हैं। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया कि आरोपियों ने पुराने निजी विवाद के चलते यह कृत्य किया। गोरे ने यह भी स्पष्ट किया कि इस घटना का कोई राजनीतिक संबंध सामने नहीं आया है।



**स्वामी शान्तिप्रकाश आश्रम के 55वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी उल्हासनगर में अपने प्रवचन हेतु आयी हुई थी। जहां स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में उनका भव्य स्वागत हुआ। पिछले 3 दिनों से यहां पर देश भर के प्रसिद्ध संत-महात्माओं का आगमन हो रहा है और रोजाना हो रहे प्रवचन में भी भारी भीड़ देखने को मिल रही है। आश्रम प्रमुख स्वामी देवप्रकाश महाराज की अगुवाई में कार्यक्रम हो रहा है।**

# उल्हासनगर-4 व 5 में भाजपा हुई कमजोर

- पैनल-19 पर अब शिवसेना का कब्जा
- दो भाइयों ने बिगाड़ा भाजपा का समीकरण





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर 4 और 5 में एक ऐतिहासिक घटना घटी है, जिसने राजनीतिक समीकरणों को सचमुच हिलाकर रख दिया है। कभी भाजपा का 'सबसे सुरक्षित किला' माना जाने वाला पैनल 19 आज पूरी तरह से ढह गया है। 2017 में चारों सीटें जीतकर अभेद्य दबदबा बनाने वाले इस पैनल पर अब शिंदे गुट ने पल भर में कब्जा कर लिया है। क्योंकि पैनल 19 के चारों पूर्व नगरसेवक भाजपा का झंडा उतारकर शिवसेना में शामिल हो गए हैं। 2017 के उल्हासनगर मनपा चुनाव में पैनल 19 को भाजपा का 'किला' माना जाता था। उल्हासनगर 4 और 5 में यही एकमात्र पैनल था। यहाँ से चारों नगरसेवक भाजपा के टिकट पर जीते थे।

### गेमनानी परिवार की निर्णायक भूमिका



राजा गेमनानी परिवार ने 2017 में पैनल 19 और उल्हासनगर 4-5 में भाजपा को मज़बूत करने में निर्णायक भूमिका निभाई थी। इनके ज़रिए बनाई गई संगठनात्मक शक्ति, रणनीति और जनसंपर्क के बल पर भाजपा को बड़ी जीत हासिल हुई थी।

पूर्व भाजपा नगरसेवक विजय पाटिल और मीनाक्षी रवि पाटिल पहले ही शिंदे की शिवसेना में शामिल हो चुके थे और संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे।

अब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की मौजूदगी में किशोर वनवारी और मीना सोंडे के आने से यह पैनल पूरी तरह से शिंदे गुट के नियंत्रण में आ गया है।

इस पैनल की राजनीतिक ताकत, संगठनात्मक ढाँचा और प्रभाव इतना मजबूत था कि इसे पार्टी का सबसे विश्वसनीय तत्व माना जाता था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। पैनल 19 में भाजपा का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है और 2017 के सभी पूर्व नगरसेवक आधिकारिक तौर पर शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं। इसलिए, इस पैनल में भाजपा को 'क्लीन स्वीप' का बड़ा झटका लगा है।

## उल्हासनगर के पटेल मार्ट में आधी रात को चोरी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 के वीनस चौक इलाके में स्थित पटेल मार्ट में आधी रात के आसपास एक अज्ञात चोर घुस गया। बताया गया है कि इस चोरी में चोर मार्ट से नकदी लूट ले गया। दीपेश ठक्कर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, पटेल मार्ट के हमेशा की तरह रात में बंद होने के बाद, एक अज्ञात आरोपी छत पर लगे पतरे को काटकर अंदर घुस गया। इसके बाद पता चला कि कैश काउंटर से बिना अनुमति के नकदी चोरी हो गई। सुबह मार्ट खुलने पर इस घटना का पता चला।

# खुंटवली में वालेकर परिवार आमने-सामने

- शिवसेना से नाराज पवन वालेकर, मीना वालेकर, मिलिंद गान, चंदा गान ने भाजपा में किया प्रवेश
- अब भाजपा के उम्मीदवार

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव में शिवसेना से उम्मीदवारी ना मिलने पर सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश करने से भाजपा ने उन्हें उम्मीदवारी दी है. शिवसेना के पवन वालेकर, मीना वालेकर, मिलिंद गान, चंदा गान को नामांकन के दिन ही टिकट देने से इंकार किए जाने पर चारों ने भाजपा में प्रवेश किया. शहर पश्चिम में ही शिवसेना के पुराने कार्यकर्ता को उम्मीदवारी देने से इंकार करने पर पांडुरंग खराडे ने कांग्रेस में प्रवेश करके, कांग्रेस के प्रभाग क्र. 9 के उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा से इस प्रभाग से कांग्रेस के उम्मीदवारों के जीतने के आसार बढ़ गए हैं. उनके ही प्रभाग से पूर्व नगराध्यक्षा प्रज्ञा बनसोडे को भी टिकट नहीं दिया गया है. मिलिंद गान, चंदा गान द्वारा भाजपा का दामने थामने के बाद चंदा गान को भाजपा ने नवरे नगर प्रभाग क्र. 16 से उम्मीदवारी दी है. इसी तरह शिवसेना से नाराज मीना सुरेश वालेकर एवं पवन वालेकर को भाजपा से प्रभाग क्र. 4 शिवलिंग नगर खामकर वाड़ी से उम्मीदवारी दी गई है. यहां से शिवसेना के निखिल वालेकर मैदान में हैं. अब वालेकर परिवार नपा चुनाव में अकदम आमने-सामने आ गया है. भाजपा ने 29 प्रभाग के 59 वार्ड से उम्मीदवार खड़ा किए हैं. भाजपा के तीन उम्मीदवारों काा नामांकन अवैध हो गया है. शिवसेना ने भी सभी 59 वार्ड से अपने उम्मीदवार खड़ा किए हैं.

### चंदा गान ने सांसद से जवाब-तलब किया

शिवसेना से नाराज मिलिंद गान और चंदा गान का नामांकन के दिन नपा गलियारे में सांसद श्रीकांत शिंदे से आमना-सामना होने पर चंदा गान ने सांसद से पूछा कि उन्होंने शिवसेना के लिए खून-पसीना एक कर दिया था, फिर उन्हें शिवसेना से उम्मीदवारी क्यों नहीं दी गई. आपने ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवारी दी जिसमें कई वर्षों से शिवसेना का काम ही नहीं किया. सबके सामने उन्होंने अपनी नाराज व्यक्त की.

## सीधे महापौर पद के लिए 6 नामांकन

**बदलापुर.** कुलगाँव-बदलापुर नगर परिषद के सीधे महापौर पद के लिए 6 महिलाओं ने नामांकन दाखिल किया है। कुलगाँव-बदलापुर नगर परिषद में सीधे महापौर का पद अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित है। आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक कुल 6 नामांकन दाखिल किए गए। इसमें वीना म्हात्रे ने शिवसेना से, जबकि रुचिता घोरपड़े ने भाजपा से नामांकन दाखिल किया है।

चूँकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने इस समय चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है, इसलिए संगीता चेंदवणकर ने निर्दलीय के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। महाविकास अघाड़ी से शिवसेना (उबाठा) की ओर से प्रिया गवली ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं आम आदमी पार्टी से आस्था मांजरेकर ने नामांकन दाखिल किया है।





# उल्हासनगर में 'सड़क सुरक्षा'

- ब्लाइंड स्पॉट का प्रदर्शन प्रस्तुत
- यातायात नियमों का समझाया गया महत्व



**उल्हासनगर.** परिवहन विभाग ने उल्हासनगर के युवा छात्रों और नागरिकों में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रभावी कदम उठाया है। नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज, उल्हासनगर-3 में 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित एक कार्यशाला ने छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के साथ यातायात नियमों के महत्व को समझने में मदद की। विशेष रूप से, ब्लाइंड स्पॉट प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को यह संदेश प्रभावी ढंग से दिया कि 'सड़क पर गलत धारणाएँ जीवन के लिए खतरा हैं'।

उल्हासनगर परिवहन विभाग और नारी गुरसहानी लॉ कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर एक मार्गदर्शन और जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। 15 नवंबर को आयोजित इस पहल में छात्रों से लेकर शिक्षकों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यशाला में यातायात विभाग की सहायक पुलिस आयुक्त किरण बलवाड़कर, उल्हासनगर यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाठ और शांति समिति सदस्य सुप्रिया कुलकर्णी ने भाग लिया। तीनों गणमान्यों ने सड़क सुरक्षा के बारे में उचित और आवश्यक जानकारी दी और छात्रों से सावधान व ज़िम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इस कार्यशाला का विशेष आकर्षण 'ब्लाइंड स्पॉट' प्रदर्शन रहा। यातायात विभाग की टीम ने एक वास्तविक वाहन की मदद से उन खतरनाक कोणों का प्रदर्शन किया जो चालक को दिखाई नहीं देते।

### सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ समापन

जब छात्रों ने वाहन के चारों ओर खड़े होकर स्वयं अनुभव किया कि ब्लाइंड स्पॉट कितने जानलेवा हो सकते हैं, तो छात्रों ने यातायात पुलिस बल के साथ मिलकर एक सुरक्षा अभियान चलाने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से सुरक्षा शपथ लेने, यातायात नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी जागरूक करने को कहा गया।

# भाजपा पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज

- कार्यालय में एक पदाधिकारी पर हमला



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में भाजपा संगठन में एक चौंकाने वाली घटना हुई है। पार्टी में आंतरिक मतभेद उभरने के बाद भाजपा पदाधिकारी जयकुमार शर्मा को चार भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीटा। अपने ही लोगों द्वारा किए गए हमले ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। 14 नवंबर को दोपहर करीब 3:30 बजे भाजपा पदाधिकारी नीलेश बोबड़े, आकाश नेटकर, ऋषिकेश गाडे और एक अज्ञात व्यक्ति जयकुमार शर्मा के भाजपा कार्यालय में घुस गए। शिकायतकर्ता जयकुमार शर्मा की शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और व्यक्तिगत रंजिश रखते हुए कहा, 'आप पार्टी के साथ ठीक से काम नहीं कर रहे हैं'। इसके बाद स्थिति हाथ से निकल गई, भाजपा कार्यकर्ता और अज्ञात व्यक्ति ने जयकुमार शर्मा को हाथों से पीटना शुरू कर दिया। सबसे भयावह बात यह है कि ऋषिकेश गाडे ने हाथ में लिए चाकू जैसी धारदार चीज से सीधे शर्मा की गर्दन पर वार किया. घायल होने के बाद, जयकुमार शर्मा किसी तरह कार्यालय से भाग निकले और सुरक्षित स्थान पर चले गए।

### हत्या का प्रयास

घटनास्थल पर मची अफरा-तफरी के कारण इलाके में कुछ देर के लिए तनाव व्याप्त हो गया। इस मामले में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में नीलेश बोबड़े, ऋषिकेश गाडे, आकाश नेटकर और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने आगे की जाँच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि यह हमला आंतरिक राजनीतिक मतभेदों के कारण किया गया था।



उल्हास विकास



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

## कब सस्ते होंगे हवाई टिकट?

विमानन कंपनियों के विस्तार और उड़ान योजना के लागू होने से उम्मीद जगी थी कि हवाई सेवाएं किफायती होंगी और आम आदमी भी जरूरत पड़ने पर विमान यात्रा कर सकेगा। मगर किराया निर्धारण में कोई नियामकीय व्यवस्था न होना और निजी विमानन कंपनियों को खुली छूट आम लोगों की उम्मीदों पर भारी पड़ रही है। मांग और आपूर्ति के बीच असंतुलन की आड़ में किराये में अक्सर की जाने वाली वृद्धि के कारण हवाई सेवाओं की पहुंच आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग तक ही सिमटती प्रतीत हो रही है।

यही वजह है कि अब शीर्ष अदालत ने निजी विमानन कंपनियों की ओर से लागू हवाई किराये और अन्य शुल्कों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को लेकर केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इससे संबंधित याचिका में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में पारदर्शिता, किराया नियंत्रण और यात्री सुरक्षा के लिए एक स्वतंत्र नियामक स्थापित करने की मांग की गई है।

गौरतलब है कि त्योहारों और छुट्टियों के दौरान तथा उड़ान के अंतिम समय में ज्यादातर विमानन कंपनियां मनमाने तरीके से किराये में बढ़ोतरी कर देती हैं। जबकि कई बार कुछ लोग आपात स्थिति या मजबूरी के कारण आखिर में विमान यात्रा का विकल्प चुनते हैं। मगर सरकार की ओर से इस संबंध में न तो कोई हस्तक्षेप किया जाता है और न ही किसी तरह के दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। साफ है कि विमानन कंपनियों के इस तरह मुनाफा कमाने पर कोई लगाम नहीं है।

इस मसले पर शीर्ष अदालत में दायर याचिका में दावा किया गया है कि निजी विमानन कंपनियों ने बिना किसी ठोस कारण के इकोनामी श्रेणी के यात्रियों के लिए मुफ्त 'चेक-इन बैगेज' भत्ते को 25 किलोग्राम से घटाकर 15 किलोग्राम कर दिया है। यानी पहले टिकट सेवा का हिस्सा रहे सामान को अब राजस्व के एक नए स्रोत में बदल दिया गया है। सच यह है कि वर्तमान में किसी भी प्राधिकरण के पास हवाई किराये या सहायक शुल्कों को सीमित करने का अधिकार नहीं है। उम्मीद है कि शीर्ष अदालत के दखल से हवाई किराये को नियंत्रित करने के लिए नियामक सुरक्षा उपाय लागू होंगे और आम आदमी को राहत मिलेगी।

# आतंक के खिलाफ कठिन हुई लड़ाई, बड़े खतरे का संकेत

जिहादी डाक्टरों के फरीदाबाद आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हो जाने के बाद भी जिस तरह वह कई लोगों की जान लेने में समर्थ रहा, उसके बाद इस पर बहस होना स्वाभाविक है कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों से कहां क्या चूक हुई? इस चूक के चलते दिल्ली में लाल किले के निकट कार धमाके में 15 लोग मारे गए और श्रीनगर के एक थाने में नौ लोग। दोनों जगह उसी विस्फोटक ने अलग-अलग कारणों से कहर ढाया, जिसे इस आतंकी माड्यूल ने फरीदाबाद में जमा किया था।

यह आतंकी माड्यूल और अधिक कहर बरपा सकता था, यदि श्रीनगर पुलिस ने शहर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थकों की ओर से लगाए पोस्टरों को गंभीरता से नहीं लिया होता। इन पोस्टरों के जरिये कश्मीर के लोगों को सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने के खिलाफ चेतावनी दी गई थी। कश्मीर में ऐसे पोस्टर लगना आम बात रही है, लेकिन श्रीनगर के नौगाम थाने की पुलिस ने उन्हें गंभीरता से लिया। पहले उसकी पकड़ में आतंकियों के समर्थक कुछ पत्थरबाज आए। उनके जरिये पुलिस जिहाद का पाठ पढ़ा रहे एक मौलवी तक पहुंची। उससे पूछताछ के बाद ही फरीदाबाद के आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हुआ। इस माड्यूल के आतंकियों के पास से विस्फोटक और घातक हथियार बरामद किए गए।



यदि श्रीनगर पुलिस ने अपने इलाके में लगे पोस्टरों को गंभीरता से नहीं लिया होता तो संभवतः जिहादी डाक्टर अपनी उस साजिश को भी अंजाम देने में सफल हो गए होते, जिसके तहत एक साथ कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने थे। उनके इरादे कितने खूंखार थे, इसका पता लाल किले के निकट कार में धमाका करने वाले मजहबी उन्माद से भरे आतंकी उमर के उस वीडियो से मिलता है, जिसमें वह आत्मघाती हमलों को जायज ठहराते सुना जा सकता है। लाल किला आतंकी हमला एक बार फिर यह बता रहा है कि ऐसे हमले तब संभव हो पाते हैं, जब आतंकियों को स्थानीय स्तर पर शरण और समर्थन मिलता है। इसका उदाहरण पहलगाम का आतंकी हमला भी था। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी कहर बरपाने में इसलिए सफल रहे थे, क्योंकि उन्हें कुछ स्थानीय लोगों ने शरण दी थी।

अब इसमें कोई संदेह नहीं कि डाक्टर आतंकियों को फरीदाबाद में एक मौलवी और अन्य अनेक की ओर से जो संरक्षण और सहयोग मिला, उसी कारण वे घातक विस्फोटक जमा करने में समर्थ रहे। यदि फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी जिहादी तत्वों की शरणगाह के रूप में देखी जा रही है तो इसके लिए वह अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती। इस यूनिवर्सिटी के जो डाक्टर आतंकी निकले, उनमें से दो पहले जहां कार्यरत थे, वहां से बर्खास्त किए जा चुके थे। एक तो आतंकवाद को खुला समर्थन देने के गंभीर आरोप में और दूसरी लंबे समय तक बिना बताए अनुपस्थित रहने के कारण। यह अल फलाह यूनिवर्सिटी ही बता सकती है कि उसने ऐसे संदिग्ध अतीत वाले डाक्टरों को अपने यहां नियुक्ति क्यों दी? यदि डाक्टर आतंकी बन जाएं और वे आसानी से एक यूनिवर्सिटी को अपना अड्डा बना लें तो इसका मतलब है कि जिहादी आतंक को खाद-पानी देने वाले तंत्र ने अपनी जड़ें बहुत गहरे तक जमा ली हैं।

अल फलाह यूनिवर्सिटी के संदेह से घिरने के बाद यह भी पता चल रहा है कि उसके संस्थापक वाइस-चांसलर का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है और वह धोखाधड़ी में तीन साल जेल में गुजार चुका है। इस यूनिवर्सिटी में कश्मीरी डाक्टरों की बड़ी संख्या में नियुक्ति भी सवाल खड़े करती है। आखिर यह कोई नामी यूनिवर्सिटी नहीं। यह नहीं कहा जा सकता कि कश्मीरी डाक्टरों को अन्य कहीं नौकरी नहीं मिल रही थी, इसलिए अल फलाह की ओर रुख करना उनकी मजबूरी बन गई थी। बहुत संभव है कि अल फलाह जिहादी इरादों वाले डाक्टरों की पसंदीदा यूनिवर्सिटी इसलिए बन गई हो, क्योंकि यहां उन्हें अपनी गतिविधियां चलाना आसान दिखा हो।






प्रभु में पुनर्मिलन के लिए, हमारी आत्मा को उन सभी चीजों से मुक्त होना होगा जो प्रेम नहीं हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# दुर्घटना के बाद बड़ी चुनौती मृतकों की पहचान



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के जल्दी ही किसी निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इसके समांतर दोनों देशों में कई अन्य मुद्दों पर भी सहमति बनती देखी जा रही है। अगर कुछ अहम बिंदुओं पर बातचीत परस्पर हित पर आधारित समझौते तक पहुंचती है, तो इससे व्यापार वार्ता भी एक ठोस स्वरूप में सामने आएगी। इस क्रम में जहां अमेरिका के सख्त रुख में नरमी देखी जा रही है, वहीं भारत भी अपने व्यापक हित के मद्देनजर व्यावहारिक फैसले ले रहा है।

गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच रसोई गैस के मसले पर एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है, जिसे आने वाले दिनों में अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से आगे बढ़ते हुए एक नए अध्याय की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के तहत भारत अमेरिका से लगभग 2.2 मिलियन टन रसोई गैस खरीदेगा। हालांकि यह भारत की सालाना जरूरत का मात्र दस फीसद है और यह समझौता केवल एक वर्ष के लिए ही है, लेकिन इस सहमति को एक व्यापक समझौते की पृष्ठभूमि माना जा सकता है।

यह छिपा नहीं है कि तेल की कीमतों के मामले में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता की वजह से रसोई गैस के दाम में कैसे उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। अब इस समझौते के अमल में आने के बाद भारत के सामने नए विकल्प खुलेंगे और रसोई गैस की आपूर्ति का जोखिम कम होगा। यह समझौता भारत की तीन सरकारी तेल कंपनियों ने अमेरिकी उत्पादकों के साथ किया है। अब अगर किन्हीं हालात में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में कोई उतार-चढ़ाव आता है, तो वैसी स्थिति में भारत पर इसका असर सीमित होगा।

इसके अलावा, अगर अगले वर्ष रसोई गैस और तेल के वैश्विक बाजार में किसी तरह की उथल-पुथल होती है, तो भारत के सामने इस मामले में स्थिति को संभालने के लिए एक वैकल्पिक इंतजाम होगा। कहा जा सकता है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और जरूरतों के मद्देनजर एक नई रणनीति के साथ अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। इसका असर पिछले कुछ समय से टकराव की स्थिति तक पहुंच चुके भारत-अमेरिका संबंधों में फिर से गर्माहट के रूप में सामने आ सकता है। साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं को कीमतों में स्थिरता के रूप में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और सार्वजनिक कंपनियों की स्थिति मजबूत होगी।

भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते की अवधि भले ही एक वर्ष है, लेकिन इससे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के एक बेहतर निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद बंधी है। इसके संकेत इस रूप में भी सामने आए हैं कि अमेरिका ने भारत के काफी, चाय, मसाले, फल आदि कुछ उत्पादों पर लगे शुल्क को वापस लेने की घोषणा की है। इससे भारत के कृषि निर्यात को बड़ी राहत मिलेगी।

मगर इसका दूसरा पहलू यह भी है कि खुद अमेरिका में कई वस्तुओं की मांग में गिरावट दर्ज की जा रही थी और शुल्क के मसले पर सख्त रवैया खुद उसके आर्थिक हितों के अनुकूल नहीं था। इस लिहाज से देखें तो अमेरिका के रवैये में आए बदलाव में वहां बन रही परिस्थितियों की भी भूमिका है। अब भारत के साथ रसोई गैस पर बनी ताजा सहमति को दोनों देशों के बीच नई संभावनाओं के तौर पर देखा जा रहा है।

# 'एक गलती और सब खत्म', 'सबसे डरावना' एयरपोर्ट

**जरा हट के**

इतिहास में कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जिनकी कहानी रोमांच, खतरे और असाधारण कौशल से भरी होती है. काई टाक एयरपोर्ट भी उन्हीं में से एक था, जिसे 73 साल तक दुनिया का 'सबसे डरावना' एयरपोर्ट माना जाता था. यह एयरपोर्ट पायलटों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था, जहां एक छोटी सी गलती में सबकुछ खत्म हो सकता था. अनुभवी पायलट्स भी लैंडिंग से पहले कांप जाते थे. आज भले ही यह जगह एक शांत क्रूज टर्मिनल में बदल चुकी हो, लेकिन इसकी खौफनाक विरासत आज भी कायम है. बता दें कि यहां जहाजों को उतारने के लिए पायलटों को इमारतों को छूते हुए आखिरी पल में 47 डिग्री का असंभव-सा मोड़ लेना पड़ता था, जिसे देखकर यात्रियों के होश उड़ जाते थे.



स्थानीय लोगों के लिए यह एयरपोर्ट एक सिरदर्द बन गया था. विमानों के इंजन की आवाज इतनी तेज होती थी कि लोगों को बातचीत रोकनी पड़ती थी. कपड़े सुखाने वाली लाइनों से कपड़े उड़ जाते थे और छत के पंखे हिलने लगते थे. इस एयरपोर्ट का सबसे कुख्यात हिस्सा 'हॉन्ग-कॉन्ग टर्न' था, जहां पायलटों को आखिरी क्षण में अपने जंबो जेट को 47 डिग्री दाहिनी ओर मैन्युअल रूप से मोड़ना पड़ता था. इस टर्न का मार्गदर्शन करने के लिए एक पहाड़ी पर एक बड़ा लाल-और-सफेद चेकबोर्ड पेंट किया गया था. यह इतना चुनौतीपूर्ण था कि पायलटों को बिना किसी दुर्घटना के विमान उतारने के लिए विशेष प्रशिक्षण लेना पड़ता था.

यह एयरपोर्ट कैथे पैसिफिक और ड्रैगनएयर जैसी एयरलाइंस का महत्वपूर्ण हब था, लेकिन विस्तार की कोई गुंजाइश न होने और ध्वनी प्रदूषण की वजह से हॉन्ग-कॉन्ग के चेक लैप कोक में नया हवाई अड्डा बनाया गया. इसके बाद 6 जुलाई 1998 को काई टाक एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया. 73 सालों तक इस एयरपोर्ट से जहाजों ने उड़ान भरी थी. ऐसे में आखिरी उड़ान देखने के लिए उस दिन हजारों लोगों की भीड़ समुद्र तट पर जमा हुई थी.

# आलू का चटपटा अचार




**आलू का अचार केवल स्वाद में ही नहीं, बल्कि बनाने की प्रक्रिया में भी बहुत खास है। इसे बनाने के लिए आपको घंटों इंतजार नहीं करना पड़ता। यह तुरंत खाया जा सकता है और इसकी चटपटी, खट्टी-मीठी और तीखी महक खाने के प्रति आपकी भूख बढ़ा देती है। सबसे खास बात कि आप इसे रोटी, पराठा, चावल या फिर स्नैक्स के साथ भी परोस सकते हैं।**

### सामग्री :

- आलू: 4-5 मीडियम शेप के (उबले हुए, छिले हुए और चौकोर टुकड़ों में कटे हुए)
- सरसों का तेल: 2 बड़े चम्मच
- राई या सरसों के दाने: 1 छोटा चम्मच
- करी पत्ता: 8-10 पत्तियां
- हल्दी पाउडर: आधा (1/2) छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर: 1 छोटा चम्मच (या स्वाद अनुसार)
- धनिया पाउडर: 1 छोटा चम्मच
- अमचूर पाउडर (या नींबू का रस): 1 बड़ा चम्मच (चटपटेपन के लिए)
- नमक: स्वाद अनुसार
- हींग: चुटकी भर

### बनाने की विधि

सबसे पहले एक पैन में सरसों का तेल गरम करें। जब तेल अच्छी तरह गरम हो जाए तो आंच धीमी कर दें। इसके बाद तड़का लगाएं तेल में हींग और राई (या सरसों के दाने) डालें। जब राई तड़कने लगे, तो कढ़ी पत्ता डालें। अब हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर डालकर तुरंत मिलाएं। ध्यान रहे कि मसाले जलने नहीं चाहिए, इसलिए यह प्रक्रिया जल्दी करें। कटे हुए उबले आलू और नमक डालकर मसालों के साथ अच्छी तरह मिलाएं। अंत में, अमचूर पाउडर (या नींबू का रस) डालकर अच्छी तरह मिलाएं। आपका चटपटा आलू का अचार तैयार है। इसे तुरंत गरमागरम परोसें या ठंडा होने पर एयरटाइट कंटेनर में भरकर रखें। यह अचार फ्रिज में 2-3 दिनों तक ताजा रहता है।



# लिपिड प्रोफाइल से लेकर PSA टेस्ट तक...

## हर पुरुष को जरूर करवाने चाहिए ये 5 हेल्थ टेस्ट

आजकल लोग अपनी हेल्थ को लेकर जागरूक हो रहे हैं, लेकिन आज भी लोग रूटीन चेकअप या जरूरी हेल्थ टेस्ट करवाने से कतराते हैं। लोगों का मानना है कि जब तक परेशानी दरवाजा खटखटाना शुरू न कर दे, उस ओर ध्यान नहीं देना चाहिए। लेकिन यह सोच काफी गलत है। सच्चाई यह है कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ शरीर में कई तरह की बीमारियां पनपने लगती हैं, जो शुरुआत में बिना किसी लक्षण के ही सामने आती हैं। नियमित हेल्थ चेक-अप न सिर्फ बीमारियों का पता लगाने में मददगार हैं, बल्कि उन्हें गंभीर होने से भी रोकते हैं। आइए, इस इंटरनेशनल मेन्स डे पर जानते हैं ऐसे ही 5 जरूरी हेल्थ टेस्ट जो हर वयस्क पुरुष को अपनी हेल्थ रूटीन में शामिल करने चाहिए।

### लिपिड प्रोफाइल

हार्ट डिजीज आज दुनिया भर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक हैं। लिपिड प्रोफाइल टेस्ट आपके खून में अच्छे और खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर की जांच करता है। हाई कोलेस्ट्रॉल आर्टरीज में प्लाक जमा करके हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ाता है। 30 साल की उम्र के बाद हर पुरुष को कम से कम हर 4-5 साल में यह टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर परिवार में हाई कोलेस्ट्रॉल इतिहास है तो इसे और जल्दी-जल्दी करवाना चाहिए।

### ब्लड प्रेशर

यह टेस्ट सबसे आसान, सस्ता और सबसे जरूरी है। हाई ब्लड प्रेशर को ₹साइलेंट किलर₹ कहा जाता है, क्योंकि इसके अक्सर कोई खास लक्षण नहीं दिखते, लेकिन यह दिल, किडनी और दिमाग को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 mmHg से कम माना जाता है। इसे हर 6 महीने में चेक करवाना एक अच्छी आदत है। अगर रीडिंग लगातार हाई आए तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।




### ब्लड शुगर टेस्ट

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जो शरीर के लगभग हर अंग को प्रभावित करती है। ब्लड शुगर टेस्ट (फास्टिंग या HbA1c) यह पता लगाता है कि आपका शरीर शुगर को कितनी अच्छी तरह प्रोसेस कर रहा है। टाइप-2 डायबिटीज की शुरुआत में ही पता चल जाने पर डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करके इसे नियंत्रित किया जा सकता है। 40 साल की उम्र के बाद हर साल यह टेस्ट करवाना चाहिए।

### प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट

प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाले सबसे आम कैंसर में से एक है। PSA टेस्ट प्रोस्टेट ग्लैंड में बनाए गए एक प्रोटीन के स्तर को मापता है। इसका स्तर बढ़ना प्रोस्टेट में सूजन, इन्फेक्शन या कैंसर का संकेत हो सकता है। 50 साल की उम्र के बाद हर पुरुष को इस टेस्ट के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। अगर परिवार में प्रोस्टेट कैंसर का इतिहास है, तो यह चेक-अप 40-45 साल की उम्र में ही शुरू कर देना चाहिए।

### कोलोनोस्कोपी

कोलोरेक्टल कैंसर एक और गंभीर बीमारी है जिसका शुरुआती पता लगाना बेहद जरूरी है। कोलोनोस्कोपी में एक पतली, लचीली ट्यूब के जरिए डॉक्टर आपकी बड़ी आंत की अंदर से जांच करते हैं और पॉलिप को हटा सकते हैं, जो आगे चलकर कैंसर बन सकती हैं। 50 साल की उम्र के बाद हर 10 साल में इस टेस्ट की सलाह दी जाती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है।

**वृषभ** : मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है। समय की अनुकूलता है। सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा।

**मिथुन** : पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**कर्क** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

**सिंह** : दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** : यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**तुला** : सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** : चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** : चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर** : यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें।


**कुंभ** : ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें।

**मीन** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सर्दियों में गीजर इस्तेमाल करते वक्त रखें इन 5 बातों का ध्यान

**गीजर का इस्तेमाल करते समय बड़ी सावधानी और सतर्क रहने की भी आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार गीजर में ब्लास्ट होने की वजह से करंट लगने गीजर में आग लगे गीजर में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट होने की खबरें सामने आती रहती हैं**



कभी-कभी गीजर से लगने वाला करंट या ब्लास्ट लोगों के लिए जानलेवा साबित हो जाता है ऐसे में जिन लोगों के घर में खासकर पुराना गीजर लगा है तो उन्हें इन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए

जिस बाथरूम में गीज़र लगा होता है तो उसमें एडजस्ट फैन जरूर होना चाहिए क्योंकि इससे निकलने वाली गैस मानव शरीर के लिए बेहद हानिकारक होती है जानकारी के अनुसार गीजर से ब्यूटेन और प्रोपेन गैस से कार्बन डाइऑक्साइड पैदा होती है, जो बाथरूम में जमा होने लगती है. लेकिन जब हम एडजस्ट लगा देते हैं तो यह गैस बाहर निकलती रहती है.

अगर कोई भी व्यक्ति अपने घर में नया गीज़र खरीद कर लाया है और इसे फिट करना है तो पैसे बचाने के चक्कर में वह अपने अनुसार खुद ही इसको ना लगे क्योंकि गीजर में बहुत सारी तार होते हैं अगर एक भी तर अनकंफरटेबल रहा तो यह काफी खतरनाक साबित हो सकता है इसलिए मैकेनिक से ही गीजर लगवाए.

गीजर में कई बार देखा जाता है इसमें करंट का शौक लग जाता है और कई बार इसकी वजह इसका कब ऊंचाई पर होना रहता है इसलिए जब भी गीजर लगवाए तो इस बात का ध्यान रखें कि वह थोड़ी ऊंचाई पर हो क्योंकि गीजर पर पानी नहीं टपके जिससे दुर्घटना होने की संभावना बेहद कम हो जाती है.

गीजर का इस्तेमाल करते समय हमें यह भी निश्चित कर लेना चाहिए कि जिस घर में पानी की हमें आवश्यकता है वह अपनी गीजर में हैवी या नहीं क्योंकि पानी नहीं होने की स्थिति में सबसे ज्यादा संभावना होती है कि गीजर ब्लास्ट हो सकता है

गीजर में खराबी होने पर कभी-कभी इसमें आवाज आने लगती है और यह इसमें गड़बड़ी के संकेत होते हैं इसलिए आवाज आने पर तुरंत ही स्विच ऑफ कर दें और किसी मैकेनिक को बुलवाकर इसकी जांच करवाए.

# सूखे अंजीर खाने के फायदे

**कई तरह के फल होते हैं और इन्हीं कुछ फलों से बनते हैं ड्राई फ्रूट्स . इसमें अंजीर फल का नाम आपने जरूर सुना होगा और इसे खाया भी होगा . अंजीर को सुखा दिया जाए तो यह ड्राई अंजीर यानी ड्राई फ्रूट बन जाता है . पोषक तत्वों का खजाना होता है अंजीर . इसे फल की तरह खाएंगे तो लाभ होगा, लेकिन जब आप इसे पानी में भिगोकर खाते हैं तो इसके फायदे डबल बढ़ जाते हैं . जानिए अंजीर खाने फायदे क्या हो सकते हैं .**

- आयुष विभाग (मध्य प्रदेश ) अंजीर को मिठास के साथ सेहत का खजाना बताता है. अंजीर में ढेरों पौष्टिक तत्व जैसे फाइबर, विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट आदि होते हैं.-सूखे अंजीर शरीर को भरपूर एनर्जी देता है. कई बीमारियों से बचाता है. लिवर और किडनी के लिए अंजीर को बेहद फायदेमंद कहा जाता है. इसके सेवन से लिवर और किडनी नेचुरल तरीके से डिटॉक्स होती है. इन अंगों की सफाई करता है.
- अंजीर में फॉस्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम होते हैं, जो आपकी हड्डियों को लंबी उम्र तक मजबूत और हेल्दी बनाए रख सकते हैं. इससे आप ऑस्टियोपोरोसिस से बचे रह सकते हैं.
- पाचन तंत्र को मजबूत करे अंजीर. इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, इसलिए इसे खाने से कब्ज की समस्या नहीं होगी. क्रोनिक कब्ज से जूझ रहे हैं तो भिगोए हुए अंजीर सुबह खाएं. जिम में घंटों पसीना बहाने के बाद भी वजन नहीं घटा पा रहे तो अंजीर का सेवन बेस्ट ऑप्शन हो सकता. इसमें कैलोरी कम होती है.



- अंजीर हार्ट डिजीज से भी बचाए. इसे आप रेगुलर खाएंगे तो शरीर में ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहेगा. आयरन की भरपूर मात्रा होने से ये फल या सूखा मेवा खून की कमी दूर करे. त्वचा चमकदार और बाल मजबूत बनते हैं. अंजीर में विटामिन सी भी होता है, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाता है.

### अंजीर खाने का सही तरीका

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, सूखे अंजीर को रात में थोड़े से पानी में डुबाकर छोड़ दें. सुबह खाली पेट इसे खा लें और पानी ना फेकें. सर्दियों में ताजा अंजीर जरूर खाना चाहिए. कुछ शारीरिक समस्याओं में अंजीर के सेवन से परहेज भी करना चाहिए. जिन्हें अंजीर से एलर्जी है, वे इसे गलती से भी खा लेते हैं तो मुंह में खुजली या चकत्ते हो सकते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### कानूनगो रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार

**बहराइच.** यूपी के बहराइच में भ्रष्टाचार निवारण संगठन देवीपाटन मंडल गोण्डा की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक राजस्व निरीक्षक को छह हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कानूनगो पयागपुर तहसील में तैनात है। विशेश्वरगंज थाने में कार्रवाई की गई। टीम ने आरोपी को पटिहाट चौराहा, इकौना मार्ग पर पकड़कर थाने में सुपुर्द कर दिया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन, गोण्डा इकाई के प्रभारी निरीक्षक धनन्जय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित ट्रैप टीम ने यह कार्रवाई की है। ग्राम अमराई निवासी शिकायतकर्ता दीनानाथ ने संगठन में शिकायत की थी कि राजस्व निरीक्षक राम मिलन, निवासी रमपुरवा तहसील मिहींपुरवा, जमीन की पैमाइश रिपोर्ट तैयार करने के नाम पर उससे छह हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत की सत्यता की पुष्टि के बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। निर्धारित स्थान पटिहाट चौराहा, इकौना मार्ग, तहसील पयागपुर मंगलवार दोपहर करीब 2:10 बजे जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की राशि ली, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को थाने ले जाकर आवश्यक कार्रवाई की गई।

### हैवान पिता ने डेढ़ साल की बेटी को नदी में फेंका

**जौनपुर.** यूपी के जौनपुर जिले में बुधवार सुबह एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया। केराकत कोतवाली क्षेत्र के टड़वा गांव में एक पिता ने अपनी 18 माह की जीवित मासूम बेटी को नदी में फेंक दिया। दरअसल, तीसरी लड़की पैदा होने से नाराज चल रहा था। जानकारी के अनुसार, खर्गसेनपुर के रहने वाले अशोक विश्वकर्मा सुबह करीब नौ बजे अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी रुतबी को लेकर घर से निकला था। पत्नी संजू विश्वकर्मा के मुताबिक, अशोक सुबह करीब सात बजे बच्ची को घुमाने के बहाने घर से ले गया, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी दोनों वापस नहीं आए। इसी दौरान एक ग्रामीण ने बताया कि अशोक को नदी किनारे बच्ची के साथ देखा गया था। परिवार का आरोप है कि घर में तीसरी बेटी होने को लेकर अशोक लगातार विवाद करता था और उसे बेटा चाहिए था। इसी नाराजगी में उसने यह कदम उठाया। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अजीत रजक, कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अशोक को वहीं से पकड़ लिया। नदी में गोताखोरों और नाव की मदद से घंटों तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक मासूम रुतबी का कोई सुराग नहीं मिला।

# कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष?

- **बिहार चुनाव की डेडलाइन खत्म**
- **जल्द हो सकती है घोषणा**

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार में सरकार गठन और शपथ ग्रहण को लेकर तैयारियां चरम पर है। सूत्रों के अनुसार 20 नवंबर को गांधी मैदान में होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गई है। इन सब के बीच बिहार में मिली प्रचंड जीत से भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर है। भाजपा 89 सीटों के साथ राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। ऐसे में अब सबकी निगाहें भाजपा के बहुप्रतीक्षित फैसलों में से एक, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा पर जा टिकी हैं।

इससे पहले नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़ा बयान दिया था। रक्षा मंत्री ने कहा था कि बिहार चुनाव खत्म होते ही पार्टी



अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर देगी। राजनाथ सिंह ने इस दौरान यह भी स्पष्ट किया था कि अध्यक्ष चुनने में पार्टी के सामने कोई बाधा नहीं है और इसे लेकर पार्टी और संघ के बीच कोई मतभेद नहीं है।

बता दें कि जेपी नड्डा जनवरी 2020 से ही पार्टी की कमान संभाल रहे हैं। उनका कार्यकाल जून 2023 में पूरा हो गया था, लेकिन नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रारंभिक विस्तार दिया गया था। इसके बाद महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबलों के दौरान स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकाल को फिर से बढ़ा दिया गया था। हालांकि अब उनके उत्तराधिकारी के नाम से पर्दा हटने में हो रही देरी पार्टी सदस्यों में बढ़ती बेचैनी का कारण बन रहा है।

### इन नेताओं के नाम चर्चा में...

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए जिन नेताओं के नामों पर चर्चा हो रही है उनमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नाम शामिल हैं। वहीं यह चर्चाएं भी हैं कि बीजेपी को पहली बार महिला अध्यक्ष मिल सकती है। इसके लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पूर्व केंद्रीय मंत्री एन टी रामा राव की बेटी डी पुरंदेश्वरी, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुकीं वनाथी श्रीनिवासन के नाम चर्चा में हैं।

# राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों का लेटर

- **कहा- EC की छवि बिगाड़ रही कांग्रेस**
- **राहुल वोट चोरी पर 3 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके**

**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक ओपन लेटर जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। लेटर में 16



पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के सिग्नेचर हैं।

इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने ओपन लेटर में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है।

लेटर में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है।

दरअसल, राहुल गांधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की "B टीम" भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था।

# क्या है तलाक-ए-हसन?

- **जिस पर भड़का सुप्रीम कोर्ट**
- **आरोपी पति के किस अहंकार पर तमतमा उठे मीलॉर्ड**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय में किसी पति के खुद उपस्थित हुए बिना अपने किसी वकील के माध्यम से तलाक भेजने की प्रथा पर सख्त नाराजगी जाहिर की है और सवाल उठाए हैं कि क्या किसी सभ्य समाज में इसकी इजाजत दी जा सकती है? जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने संकेत दिया कि पीठ तलाक-ए-हसन प्रथा को रद्द करने पर विचार कर सकती है। बेनज़ीर हीना बनाम भारत संघ एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुयान और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह भी संकेत दिया कि वह इस मामले को पाँच न्यायाधीशों की पीठ को सौंप सकती है।




तलाक-ए-हसन मुसलमानों में तलाक का एक रूप है, जिसके माध्यम से एक पुरुष तीन महीने की अवधि में हर महीने एक बार तलाक शब्द कहकर विवाह को समाप्त कर सकता है। इसमें पति किसी के माध्यम से ऐसा करवा सकता है। तलाक-ए-हसन के तहत, तीसरे महीने में तलाक शब्द के तीसरी बार उच्चारण के बाद तलाक औपचारिक रूप से संपन्न हो जाता है, बशर्ते, इस अवधि के दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध फिर से शुरू नहीं हुआ हो। हालांकि, अगर पहली या दूसरी बार तलाक कहने के बाद दोनों पक्ष साथ रहना फिर से शुरू कर देते हैं तो यह मान लिया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच सुलह हो गई है।

### अदालत ने क्या कहा?

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि चूँकि यह प्रथा व्यापक रूप से समाज को प्रभावित करती है, इसलिए न्यायालय को सुधारात्मक उपाय करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ सकता है। कोर्ट ने आरोपी पक्ष से कहा, ₹जब आप हमें एक संक्षिप्त नोट देंगे, तो हम इस मामले को पाँच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने की वांछनीयता पर विचार करेंगे। हमें मोटे तौर पर वे प्रश्न बताएँ जो उठ सकते हैं। फिर हम देखेंगे कि वे मुख्यत: कानूनी प्रकृति के हैं और न्यायालय को उनका समाधान करना होगा।₹ कोर्ट ने इस प्रथा को आधुनिक समाज की गरिमा के खिलाफ बताते हुए महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की आवश्यकता जताई।

# जेल गार्ड ने AK-47 से पत्नी-सास की हत्या की

## पुलिस ने सरेंडर के लिए कहा तो खुद को भी गोली से उड़ाया

**गुरदासपुर.** पंजाब के गुरदासपुर में जेल के गार्ड ने अपनी पत्नी और सास की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी एक सरकारी क्वार्टर में जाकर छिप गया। जब पुलिस वहां पहुंची तो पुलिस को धमकाते हुए कहा कि वह खुद को गोली मार लेगा।

पुलिस ने उसे करीब एक घंटे तक समझाने की कोशिश की, लेकिन गार्ड ने सरेंडर करने के बजाय खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। एसएसपी आदित्य ने कहा हमारी कई टीमें मौके पर पहुंचीं। टीमों ने सारे इलाके की घेराबंदी कर दी। मामले की हम पूरी जांच कर रहे हैं।

वहीं इस मामले की अब एक



CCTV फुटेज सामने आई है। जिसमें गार्ड AK47 से गोलियां चला रहा है और पत्नी व सास कमरे के भीतर बचने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि वह गोलियां से बच नहीं पाईं।


**राइफल से खुद को गोली मार ली:** पुलिस को सूचना मिली तो टीम मौके पर पहुंची और पूरी इमारत को घेर लिया। पुलिस ने उसे आवाज देकर सरेंडर करने के लिए कहा और करीब एक घंटे तक लगातार समझाने की कोशिश जारी रखी। गुरप्रीत अपने फैसले पर अडिग रहा। उसने पुलिस की अपील ठुकराते हुए अपनी राइफल से खुद को गोली मार ली और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**2016 में हुई थी शादी:** परिवार के मुताबिक, गुरप्रीत और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से घरेलू तनाव चल रहा था। उसकी साली परमिंदर कौर ने भी बताया कि 2016 में हुई शादी के बाद से अक्सर झगड़े हो जाते थे, जिसे इस घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।

# भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना जरूरी नहीं

- **भागवत बोले- देश पर गर्व करने वाला हर व्यक्ति हिंदू**
- **यह शब्द धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक परंपरा**

**गुवाहाटी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा- भारत और हिंदू एक ही हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी सभ्यता पहले से ही इसे जाहिर करती है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि जो भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है। हिंदू सिर्फ धार्मिक शब्द नहीं बल्कि एक



सभ्यता गत पहचान है, जो हजारों साल की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है।

RSS चीफ सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे। आज बुधवार को भागवत एक युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद 20 नवंबर को मणिपुर के लिए रवाना होंगे।

### 'सभी लोगों को मिलकर काम करना चाहिए'

असम में डेमोग्राफिक चेंज पर मोहन भागवत ने कहा- हमें आत्मविश्वास, सतर्कता और अपनी जमीन-संस्कृति से मजबूत लगाव रखना चाहिए। साथ ही कहा कि समाज के सभी वर्गों को मिलकर निस्वार्थ भाव से काम करना चाहिए।

पूर्वोत्तर को उन्होंने भारत की एकता में विविधता का बेहतरीन उदाहरण बताया। कहा कि लचित बोरफुकन और श्रीमंत शंकरदेव जैसे व्यक्तित्व सिर्फ क्षेत्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय महत्व रखते हैं। सभी भारतीयों को प्रेरित करते हैं।

# आतंकी डॉ. उमर सुसाइड बॉम्बर तैयार कर रहा था

- **ब्रेनवॉश करने के लिए 11 युवाओं को 70 वीडियो भेजे थे**
- **इनमें 12 खुद शूट किए**

**नई दिल्ली.** लाल किले के सामने विस्फोटक से भरी कार उड़ाने वाला आतंकी डॉ. उमर नबी अपने जैसे कई और सुसाइडल बॉम्बर तैयार करने की साजिश रच रहा था। इसके लिए वह लगातार वीडियो बनाकर युवाओं को भेजता था, ताकि उनका ब्रेनवॉश किया जा सके। जांच एजेंसियों ने इसका खुलासा किया है।

NIA सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन में डॉ. उमर के 12 वीडियो समेत 70 से ज्यादा वीडियो मिले हैं। ऐसे ही वीडियो 11 लोगों को भेजे गए थे। इनमें से 7 युवा कश्मीरी मूल के बताए जा रहे हैं और सभी का अल-फलाह यूनिवर्सिटी से लिंक मिला है। बाकी 4 युवा उत्तर प्रदेश, केरल और कर्नाटक के रहने वाले हैं।



जांच में यह भी सामने आया है कि आमिर रशीद अली, जिसने उमर नबी को I-20 कार दिलवाई थी, खुद सुसाइड बॉम्बर बनने को तैयार नहीं था। इसके बाद उमर ने उसे भी ऐसे ही ब्रेनवॉश करने वाले वीडियो भेजे थे। एजेंसियों को शक है कि उमर नबी एक पूरी फिदायीन टीम तैयार कर रहा था और उसका टारगेट कई राज्यों के युवा थे।

### ब्लास्ट से पहले पुलवामा गया था आतंकी उमर

दिल्ली कार ब्लास्ट में खुद को उड़ाने वाला आतंकी डॉ. उमर मोहम्मद हमले से करीब 2 हफ्ते पहले पुलवामा के कोइल गांव में अपने घर गया था। उमर ने अपने दो मोबाइल फोन में से एक अपने भाई जहूर इलाही को दिया और कहा कि अगर मेरे कोई खबर आए तो फोन पानी में फेंक देना। इसी फोन से वह वीडियो मिला है, जिसमें उमर आत्मघाती हमले को 'शहादत का ऑपरेशन' बता रहा है। जहूर ने सुरक्षा एजेंसियों को पूछताछ में फोन के बारे में जानकारी दी है। जहूर ने बताया कि उमर ने उसे 26 से 29 अक्टूबर के बीच फोन दिया था। 9 नवंबर को अल-फलाह यूनिवर्सिटी से उमर के साथियों की गिरफ्तारी की खबर सुनते ही उसने घबराकर फोन घर के पास एक तालाब में फेंक दिया

# SIR में चूक पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे

- **दिसंबर तक डेडलाइन, दबाव से परेशान BLO**
- **राजस्थान-MP और केरल में 3 सुसाइड कर चुके**

**नई दिल्ली.** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) चल रहा है। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि SIR के दौरान किसी भी तरह की चूक पाए जाने पर अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। एक अधिकारी के अनुसार, उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी इन बैठकों में मौजूद थे। बंगाल में 18 नवंबर की शाम 6 बजे तक 7.63 करोड़ गणना फॉर्म बांटे जा चुके हैं। कुल 1.09 करोड़ फॉर्म डिजिटल किए जा चुके हैं।

दूसरी तरफ, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में एक-एक बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) आत्महत्या कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में एक BLO ने आत्महत्या की धमकी दी है। मंगलवार को तमिलनाडु के तंजावुर में एक आंगनवाड़ी सेविका ने जान देने की कोशिश की।

इनके परिवारों और अन्य अधिकारियों ने अत्यधिक काम के दबाव का आरोप लगाया है। कई BLO का आरोप है कि काम के लंबे घंटे और दिसंबर तक की डेडलाइन ने उन्हें थका दिया है।

# रोहित वनडे रैंकिंग में 22 दिन ही नंबर-1 रहे



- **46 साल बाद कोई कीवी बल्लेबाज टॉप पर पहुंचा**
- **गिल-पंत टेस्ट बैटर्स में टॉप-10 से बाहर**

रोहित शर्मा केवल 22 दिन ही वनडे बैटर्स रैंकिंग में नंबर-1 रहे। अब न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने उन्हें पीछे छोड़कर टॉप पोजिशन हासिल कर ली है। 46 साल बाद कोई कीवी खिलाड़ी वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचा है। इससे पहले 1979 में ग्लेन टर्नर नंबर-1 बने थे।

रोहित ने 29 अक्टूबर को पहली बार टॉप पोजिशन हासिल की थी। 38 साल 182 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करके वे वनडे रैंकिंग में सबसे उम्रदराज नंबर-1 बल्लेबाज बने थे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था, जो 38 साल 73 दिन की उम्र में नंबर-1 बने थे।

टेस्ट रैंकिंग में कप्तान शुभमन गिल को 2 स्थान का फायदा हुआ है। वे अब 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उपकप्तान ऋषभ पंत को 4 स्थान का घाटा लगा है। वे 8वें से खिसककर 12वें नंबर पर आ गए हैं।

### जनवरी में क्यों हो रहा WPL

**मिचेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक लगाया**

क्राइस्टचर्च में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में डेरिल मिचेल ने 118 गेंदों पर 119 रन की शानदार पारी खेली थी। इसी प्रदर्शन के चलते उन्होंने रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान को पीछे छोड़ दिया। वर्तमान रेटिंग में मिचेल 782 अंकों के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि रोहित शर्मा 781 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# क्या है 9-9-6 वाला चीनी वर्क सिस्टम!

## काम के घंटे 72 करने के समर्थन में नारायण मूर्ति अब क्या बोले?

**नई दिल्ली.** सूचना प्रौद्योगिकी (IT) उद्योग के दिग्गज और इन्फोसिस के संस्थापक एन. आर. नारायणमूर्ति ने एक बार फिर सप्ताह में 72 घंटे काम करने के अपने विचार का समर्थन किया है और इसके लिए पड़ोसी देश चीन का उदाहरण दिया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने चीन की मशहूर कार्य संस्कृति 9-9-6 फीर्मूले का हवाला देते हुए अपने इस विचार को पुष्ट किया कि युवा भारतीयों को भारत के तेजी से विकास में योगदान देने के लिए अधिक समय तक काम करना चाहिए। इसके साथ ही 79 वर्षीय अरबपति ने एक बार फिर कार्य-



जीवन संतुलन, उत्पादकता और लंबे समय तक काम करने की संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त किए हैं।

चीन का मशहूर 9-9-6 का नियम उस कार्य संस्कृति को दर्शाता है जो चीनी तकनीकी कंपनियों में आम रहा है। इस नियम के तहत कर्मचारियों से सप्ताह में 6 दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक काम करने की अपेक्षा की जाती है। यानी किसी भी कर्मचारी को सप्ताह में 72 घंटे काम करना होता है। यह वर्क मॉडल अलीबाबा और हुवावे जैसी कंपनियों में काफी लोकप्रिय हुआ था।हालांकि, वर्क-लाइफ बैलेंस की कमी और बढ़ते तनाव के कारण इसकी भारी आलोचना भी हुई। बाद में वर्ष 2021 में चीन के सुप्रीम कोर्ट ने 9-9-6 मॉडल को अवैध करार दे दिया। हालांकि रिपोर्ट्स के मुताबिक कई जगह यह नियम आज भी लागू है।

### चाहते हैं कि देश प्रगति करे तो...

रिपब्लिक टीवी से बात करते हुए, मूर्ति ने उत्पादकता के प्रति चीन के दृष्टिकोण का हवाला दिया और कहा कि अगर भारतीय युवा चाहते हैं कि देश इसी गति से प्रगति करे, तो उन्हें कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹चीन में एक कहावत है, 9-9-6... आप जानते हैं इसका क्या मतलब है? सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक, हफ्ते में 6 दिन। और यह 72 घंटे का सप्ताह है।₹

# लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया गया

- **सलमान खान के घर फायरिंग**
- **बाबा सिद्दीकी और मूसेवाला के मर्डर का आरोप**

**नई दिल्ली.** गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से डिपोर्ट कर बुधवार को दिल्ली लाया गया। उसे एयरपोर्ट से सीधे पटियाला कोर्ट में पेश किया जाएगा। अमेरिका से कुल 200 लोगों को डिपोर्ट किया गया है, इनमें भारत के 3 लोग हैं।

अनमोल के अलावा 2 लोग पंजाब के हैं। अभी इनके बारे में




जानकारी नहीं मिली है। गैंगस्टर अनमोल अप्रैल, 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में वांटेड आरोपी है। वह पिछले साल मुंबई में NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मुख्य आरोपी भी है। अनमोल का नाम 2022 में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी सामने आया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनमोल को अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने के कारण गिरफ्तार किया गया था। वह भारत में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की वांटेड लिस्ट में है। NIA ने उस पर 10 लाख का इनाम भी घोषित किया था।

बाबा सिद्दीकी के बेटे और NCP नेता जीशान सिद्दीकी ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी PTI को बताया था कि उन्हें अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग से एक ईमेल मिला है। इसमें बताया गया है कि अनमोल को अमेरिका से निकाल दिया गया है। जीशान ने कहा- अनमोल को भारत लाकर उसके अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।


## PUBLIC NOTICE

I/we are the resident cum sole and absolute owners of the shop(s) on the ground floor of Skyline Co-op. Housing Society Ltd. situated at Ulhasnagar-421001 respectively, I/we have came to know about one public notice published in Ulhasvikas newspaper of Ulhasnagar where it appears in that some half truth news cum facts are used as "Some persons have made false, forged and fabricated documents to usurp the said property (9 shops) of my client" such wording without authentication or proof which is not filed within the parameters of law enforce that type of public notice or appeal is amounts to vague appeal and vague public notice the matter is subjudice moreover after lapse of 10 years and more surprisingly if a matter is subjudice moreover when injunction application was rejected in the year 2015 then such type of public notice against Skyline Co-op. Housing Society Ltd. or any part of Skyline Co-op. Housing Society Ltd. is not suitable therefore any public notice cannot be called a valid prudent public notice and we the occupier cum owners are disagree with the public notice therefore we reserve our rights to fight legally moreover when the matter is subjudice it is better to keep faith in law and judiciary and we the undersigned did not agree with the public notice issued by some persons under illusionary thoughts therefore in reply to the public notice we are issuing this notice.

Thanking you,

Yours faithfully,

Sd/-
Owner & occupier of shop no.4
Sd/-
Owner & occupier of shop no.5
Sd/-
Owner & occupier of shop no.8
Sd/-
Owner & occupier of shop no.9
Sd/-
Owner & occupier of shop no.10

## संक्षेप...

### ब्रिटेन में नौकरी के नाम पर 27 लाख ठगे

**मुंबई.** ब्रिटेन में नौकरी व वीजा दिलाने के नाम पर एक दंपत्ति से 27 लाख की ठगी के आरोप में पुलिस ने आकांक्षा राजेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित इंजीनियर विकास विदुर कुमार खतीवेदा और उनकी पत्नी मोनिका दहल ने आरोपियों को लंदन में नौकरी और वीजा दिलाने के लिए 27 लाख रुपये का भुगतान किया था। कुछ दिन इंतजार कराने के बाद आरोपी कार्यालय बंद कर फरार हो गए। उसके बाद मामला दर्ज किया गया।

# ‘स्थानीय निकाय चुनावों के लिए वीवीपैट अनिवार्य नहीं’

- चुनाव आयोग ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया




**नागपुर.** महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि स्थानीय निकाय चुनावों के लिए वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है और यह तकनीकी रूप से भी संभव नहीं है। आयोग ने यह जवाब कांग्रेस नेता प्रफुल्ल गुड्डे द्वारा हाईकोर्ट की नागपुर पीठ में दायर याचिका पर दिया है, जिसमें महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में वीवीपैट का इस्तेमाल न करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई थी।

आयोग ने हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के समक्ष कांग्रेस नेता प्रफुल्ल गुडाधे द्वारा दायर याचिका का विरोध करते हुए एक हलफनामा दायर किया। याचिका में महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में वीवीपीएटी का उपयोग नहीं करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई थी। गुडाधे ने अपनी याचिका में कहा कि पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) प्रणाली आवश्यक है। बुधवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अनिल किलोर की अध्यक्षता वाली पीठ ने वीवीपीएटी मशीनों का उपयोग न करने का कारण जानना चाहा, खासकर तब जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि वीवीपीएटी का उपयोग अनिवार्य है।

### याचिका में की गई यह मांग

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई बृहस्पतिवार को तय की। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों का पहला दौर दो दिसंबर को होगा। अधिवक्ता पवन दहत और निहाल सिंह राठौड़ के माध्यम से दायर अपनी याचिका में गुडाधे ने कहा कि यदि एसईसी वीवीपीएटी का उपयोग नहीं करने जा रहा है, तो चुनाव मतपत्रों के माध्यम से कराए जाने चाहिए। वीवीपीएटी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़ी एक स्वतंत्र प्रणाली है, जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की सुविधा देती है कि उनका वोट उनकी इच्छा के अनुसार ही डाला गया है।

### क्यों वीवीपैट का नहीं कर सकते इस्तेमाल?

आयोग के वकील ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल आम चुनावों पर लागू होता है, स्थानीय निकाय चुनावों पर नहीं। उन्होंने बताया कि 2017 के नगर निगम चुनावों में भी वीवीपीएटी मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया गया था। आयोग ने अपने हलफनामे में कहा कि नगरपालिका चुनावों को नियंत्रित करने वाले स्थानीय निकाय अधिनियमों में वीवीपीएटी के उपयोग को अनिवार्य नहीं किया गया है। इसमें कहा गया है कि वीवीपीएटी मशीन के डिजाइन और विनिर्माण की तकनीकी व्यवहार्यता के मुद्दे भी हैं, जिसका उपयोग बहु-सदस्यीय और बहु-पोस्ट ईवीएम के लिए किया जा सकता है। हलफनामे में कहा गया है कि संसदीय और विधानसभा चुनाव एकल सदस्यीय, एकल पद वाले चुनाव होते हैं, जहां मतदाता द्वारा केवल एक उम्मीदवार चुना जाता है और चुनाव आयोग द्वारा उपयोग की जाने वाली ईवीएम विशेष रूप से इसी उद्देश्य के लिए डिजाइन की गई हैं। इसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायतें, नगर परिषदें और नगर निगम बहु-सदस्यीय, बहु-पद वाले निर्वाचन क्षेत्र हैं।

# आज प्रकाशित होंगी 23 वार्डों की प्रारूप मतदाता सूची




**भिवंडी.** राज्य निर्वाचन आयोग के दिनांक 13 नवंबर के पत्र के अनुसार प्राप्त प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन कार्यक्रम के अनुसार कुल 23 वार्डों की प्रारूप मतदाता सूचियाँ गुरुवार (20 नवंबर) को प्रकाशित की जाएँगी।

प्रारूप मतदाता सूचियाँ नागरिकों द्वारा संबंधित वार्ड समिति कार्यालयों और मनपा मुख्यालय स्थित चुनाव विभाग में 20 नवंबर से 27 नवंबर तक कार्यालय समय के दौरान अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेंगी।

साथ ही, उक्त प्रारूप मतदाता सूचियाँ मनपा के अपने कार्यालय में भी उपलब्ध रहेंगी। मसौदा मतदाता सूचियाँ नागरिकों के लिए उपरोक्त अवधि के दौरान कार्यालय समय के दौरान परशराम टॉवर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, धोबी तलाव, भिवंडी स्थित चुनाव कार्यालय में निर्धारित शुल्क (2 रुपये प्रति पृष्ठ) लेकर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी।

### 27 नवंबर तक दर्ज करा सकेंगे आपत्तियां

उक्त मसौदा मतदाता सूचियों पर आपत्तियाँ और सुझाव संबंधित वार्ड समिति कार्यालय में 20 से 27 नवंबर तक कार्यालय समय के दौरान स्वीकार किए जाएँगे। मसौदा मतदाता सूचियों के मतदाताओं की तस्वीरों के बिना मसौदा मतदाता सूचियाँ नागरिकों द्वारा महानगर पालिका की आधिकारिक वेबसाइट, bncmc.gov.in पर देखने और डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध रहेंगी।



**ठाणे.** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर जिलाधिकारी कार्यालय के समिति कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही, राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ भी ली गई।इस अवसर पर अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, निवासी उप जिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, उप जिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) रूपाली भालके, तहसीलदार सचिन चौधरी, रेवन लेम्बे, अमोल कदम, जिलाधिकारी के निजी सहायक गिरीश काले सहित जिलाधिकारी कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### मामा ने भांजी को चलती लोकल ट्रेन से धकेला, मौत

**वसई.** वसई इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक मामा ने ही अपनी 16 वर्षीय भांजी को चलती लोकल ट्रेन से धक्का दे दिया, लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की मां, संगीता सोमनाथ सोनार ने वसई रोड रेलवे पुलिस स्टेशन में अपनी बेटी कोमल की मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगीता मानखुर्द में अपने दो बच्चों कोमल और 15 वर्षीय बेटे कार्तिक के साथ रहती हैं और पेशेंट केयरटेकर का काम करती हैं।

संगीता के अनुसार कोमल अचानक घर से निकल गई थी। परिवार ने आसपास और रिश्तेदारों में काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली, अगले दिन सुबह 16 नवंबर को 8 बजे उन्हें पता चला कि कोमल नालासोपारा में उनके भाई अर्जुन कैलास सोनी (कोमल के मामा) के घर पर है, लेकिन जब उनकी भाभी (कोमल की बड़ी मामी) अंजली उसे लेने पहुंचीं, तो कोमल वहां से गायब थी। आसपास खोजने के बाद भी पता नहीं चलने पर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। बाद में कोमल के मोबाइल से अर्जुन ने संगीता को फोन कर बताया कि कोमल उसके साथ है।

संगीता ने उसे तुरंत कोमल को घर लाने के लिए कहा, लेकिन अर्जुन उसे लेकर नहीं आया। 17 नवंबर को संगीता को जानकारी मिली कि कोमल भाईंदर में रेल हादसे का शिकार हो गई है, जब वे पुलिस स्टेशन पहुंचीं, तो उनका भाई अर्जुन पुलिस हिरासत में था।

# नवी मुंबई में आयोजित होगा “सतयुग आगमन साकेत महायज्ञ 2025-26”

### सद्‌गुरु श्री दयाल जी महाराज के पावन सान्निध्य में होगा आयोजन



**ठाणे.** परम पूज्य सद्‌गुरु श्री दयाल जी महाराज की अनंत कृपा से दिव्य और ऐतिहासिक “सतयुग आगमन साकेत महायज्ञ 2025-26” का आयोजन नवी मुंबई में होने जा रहा है। यह भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आगामी 24 दिसंबर 2025 से 3 जनवरी 2026 तक गामी इंडस्ट्रियल पार्क, नवी मुंबई में संपन्न होगा।

इस महायज्ञ के लिए देशभर से हजारों श्रद्धालु, संत-सेवक और गुरु भक्तों के पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन स्थल पर तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं और सेवादल के सदस्य सतत रूप से व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

आयोजकों के अनुसार यह महायज्ञ कोई सामान्य धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जागरण का पर्व है, जहाँ आत्मा को शांति, करुणा और दिव्य अनुभूति प्राप्त होती है। सद्‌गुरु श्री दयाल जी महाराज के सान्निध्य में यह चौथा महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है।

भक्तों से अपील की गई है कि जिनके घरों में यज्ञ गुल्लक (दान पात्र) हैं, वे योगदान देना प्रारंभ करें, वहीं सभी देवियाँ (भक्त महिलाएँ) घी सेवा की तैयारी आरंभ करें।आयोजक मंडल का कहना है कि महायज्ञ के दौरान भक्ति, ध्यान, सत्संग और सेवा के विविध कार्यक्रम होंगे, जो न केवल आत्मिक शांति प्रदान करेंगे, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव और सत्य की भावना को भी प्रबल करेंगे।गुरु महाराज के आगमन के साथ यह पावन महायज्ञ भक्तों के लिए एक अनुपम अवसर होगा, जिसमें सभी एक मन, एक श्रद्धा और एक भक्ति के साथ सहभागी बन सकेंगे।

### मनपा ने जर्जर इमारत खाली कराई

**मुंबई.** मनपा प्रशासन ने विक्रोली स्थित पार्क साइट में मनपा की जर्जर इमारतों जो की सी 1 कैटेगरी की है। मनपा जर्जर हो चुकी 28 इमारतों को खाली कराने का काम शुरु कर दिया है। मंगलवार को मनपा एन वार्ड की ओर से की गई कार्रवाई में इमारत क्रमांक 22, 23, 24 में रह रहे निवासियों को मनपा ने भारी विरोध के बावजूद खाली करा लिया। बता दें कि पार्क साईट पर मनपा कर्मचारियों की 28 इमारते हैं, जिनमे 27 इमारतें सी। घोषित की गई हैं। मनपा ने अब तक 10 इमारतों को तोड़ा चुकी है। मंगलवार को खाली कराई गई तीनों इमारतों में मनपा कर्मचारी और किराएदार रहते थे।

मनपा एन वार्ड को भांडुप में 400 घर प्राप्त हुए हैं। खाली कराई जा रही इमारतों के रहवासियों को भांडुप शिफ्ट किया जा रहा है।

# सीवर चैंबर में गिरा 2 साल का मासूम

- मां के हाथ पकड़कर जा रहा था साथ



**ठाणे.** शहर में एक छोटे बच्चे के साथ खौफनाक हादसा हुआ जब दो साल के हामदान गुफरान कुरैशी लगभग 20 फीट गहरे खुले सीवर चैंबर में गिर गए. यह घटना ज्ञानसाधना कॉलेज के पास हुई. ठाणे नगर निगम के डिजास्टर मैनेजमेंट सेल के प्रमुख यासिन तडवी ने बताया कि बच्चे के गिरने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की.

हामदान अपनी मां के साथ फुटपाथ पर चल रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह खुले ड्रेनेज चैंबर में गिर गया. आसपास के स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चे को बाहर निकाला और उसे प्राथमिक उपचार के लिए जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया. बाद में बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए बच्चे को शहर के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया.

यासिन तडवी ने बताया कि 'लगभग 20 फीट की ऊंचाई से गिरना इस उम्र के बच्चे के लिए बेहद खतरनाक हो सकता था. सौभाग्य से बच्चा बच गया. हमारा मुख्य ध्यान था कि उसे तुरंत और उचित चिकित्सा सहायता मिले.'

अधिकारियों ने कहा कि खुला सीवर चैंबर लोहे की पाइप के कारण ढंक नहीं पाया गया था. घटना के बाद पाइप को काटकर चैंबर को सुरक्षित ढंक दिया गया. तडवी ने सभी संबंधित विभागों से अपील की कि इस प्रकार की सुरक्षा लापरवाहियों को भविष्य में दोबारा होने से रोका जाए.

स्थानीय लोग और प्रशासन इस घटना के बाद सीवर और खुले ड्रेनेज के आसपास सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं. अधिकारियों का कहना है कि फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित निरीक्षण और उचित ढक्कन सुनिश्चित करने से इस तरह के हादसों से बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा की जा सकती है.

विशेषज्ञों का कहना है कि शहरों में खुले ड्रेनेज और सीवर चैंबर गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं, खासकर छोटे बच्चों के लिए. इसलिए नागरिक और प्रशासन दोनों की सतर्कता बेहद जरूरी है.

# ऐश्वर्या राय ने PM मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया



- सत्य साई बाबा की जन्म शताब्दी में शामिल हुईं

आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साई बाबा के 100 वीं जन्म शताब्दी मनाई गई। इसमें राजनीतिक हस्तियों के अलावा कई सेलेब्स ने हिस्सा लिया। इस शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू मौजूद रहे।

साथ ही क्रिकेट दिग्गज सचिन तेंदुलकर और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन में समारोह का हिस्सा बनीं।

समारोह में ऐश्वर्या ने धर्म, जाति और प्यार पर दिए अपने स्पीच से सबका दिल जीत लिया है। इसके अलावा इवेंट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो पीएम मोदी के पैर छूते नजर आ रही हैं।

ऐश्वर्या के इस जेस्चर की सोशल मीडिया पर काफी सराहना हो रही है। फैंस पैर छूने वाले वीडियो को शेयर कर ऐश्वर्या की तारीफ में पोस्ट लिख रहे हैं।

पुट्टपर्थी में आयोजित भव्य समारोह में ऑडियंस को संबोधित करते हुए ऐश्वर्या राय बच्चन ने कहा- ‘जैसा कि हम श्री सत्य साई बाबा के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, हम सभी उनके दिव्य संदेश के प्रति खुद को पुनः समर्पित करें। सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो। जाति एक ही है, मानवता की जाति। धर्म एक ही है, प्रेम का धर्म। भाषा एक ही है, हृदय की भाषा, और ईश्वर एक ही है, और वह सर्वव्यापी है। साई राम। जय हिंद।’

अपने संबोधन में एक्ट्रेस ने पीएम मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा- ‘मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को आज यहां हमारे साथ उपस्थित होने और इस विशेष अवसर का सम्मान करने के लिए हार्दिक धन्यवाद देती हूं।

मैं आज उनके प्रेरणादायक बातें सुनने के लिए उत्सुक हूं। मोदी जी की उपस्थिति इस शताब्दी समारोह में हमें श्री सत्य साई बाबा के उपदेशों की याद दिलाती है। स्वामी जी ने कहा था कि मानव सेवा ही ईश्वर की सेवा है।

स्वामी जी हमेशा एक सार्थक,उद्देश्यपूर्ण और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए कहते थे। उन्होंने अनुशासन, समर्पण, भक्ति, दृढ़ संकल्प और विवेक जैसी पांच बातों को महत्व देने की बात कही थी।’

बता दें कि ऐश्वर्या राय बच्चन सत्य साई बाल विकास कार्यक्रम की छात्रा रहीं हैं। उन्होंने कई बार बाबा से अपने जुड़ाव के बारे में बताया है और बचपन से ही उनकी भक्त रही हैं।

# आपदा प्रभावित 9817 किसानों को मिलेगा लाभ

**भिवंडी.** भारी बारिश के बाद बेमौसम बारिश ने राज्य भर के किसानों को भारी नुकसान पहुँचाया। भिवंडी तालुका में हजारों किसानों के धान के खेत नष्ट हो गए. तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया है कि तालुका के 9817 किसानों की कृषि भूमि का सर्वेक्षण किया जाएगा और उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

सितंबर में भारी बारिश के कारण खेत में खड़ी फसलें नष्ट हो गईं। जब इसका पंचनामा बनाने और मुआवजा देने की योजना बनाई जा रही थी, तब अक्टूबर में हुई बेमौसम बारिश ने खेत में कटी हुई धान की फसल को नुकसान पहुँचाया। तहसीलदार अभिजीत खोले के आदेश पर ग्राम राजस्व अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक और ग्राम सेवक ने तालुका में क्षतिग्रस्त कृषि भूमि का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया। सितंबर और अक्टूबर माह में क्षतिग्रस्त हुई 9254 किसानों की 3016.5 हेक्टेयर कृषि भूमि का पंचनामा किया गया। इसमें से पात्र लाभार्थी किसानों को लगभग 2 करोड़ 42 लाख 83 हजार 116 रुपये स्वीकृत किए गए। यह किसानों के बैंक खातों में जमा कर दिए गए।


उसके बाद, अक्टूबर में हुई बेमौसम बारिश ने खेत में कटी हुई धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। उस समय 9817 किसानों की 3856.47 हेक्टेयर कृषि भूमि का भी सर्वेक्षण किया गया था। तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया है कि राजस्व प्रशासन ने इन प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए सरकार से लगभग 3 करोड़ 30 लाख 80 हजार रुपये की मांग की है। भारी बारिश और बेमौसम बारिश के कारण तालुका के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। शुरुआत में खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ, जबकि बेमौसम बारिश में खेतों में कटी हुई फसलें खराब हो गईं। इसलिए, ये सर्वेक्षण किए जाने के बाद संकटग्रस्त किसानों को मदद मिलेगी। किसानों ने संतोष व्यक्त किया है कि सर्वेक्षण के बाद उन्हें सहायता मिलेगी।

# महिला डॉक्टर के साथ छेड़खानी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई.** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने मुंबई के मुलुंड रेलवे स्टेशन पर महिला डॉक्टर के साथ छेड़खानी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि यह घटना 15 नवंबर को देर रात करीब 01:10 बजे उस समय हुई जब डॉक्टर प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान महेश पाखरे ने कथित तौर पर उनका पीछा किया, उन्हें घूरा और अपना गुप्त अंग उन्हें दिखाया। इस पर डॉक्टर ने शोर मचाया, तो पुलिस ने तुरंत पाखरे को पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और धारा 75(1) (iii) (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# बीएसयूपी फ्लैट धारकों का 100 रु. में होगा रजिस्ट्रेशन

- विधायक संजय केलकर के फॉलो-अप में सफलता
- ठाणे के हज़ारों गरीब परिवारों को लाभ



**ठाणे.** जेएनएनयूआरएम और बीएसयूपी के तहत सामान्य फ्लैट धारकों को मात्र 100 रुपये में रजिस्ट्री की छूट दी गई है और राज्य सरकार ने स्टाम्प शुल्क में भी एक प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है और इस संबंध में एक अध्यादेश भी जारी किया गया है। विधायक संजय केलकर ने लगातार इस पर फॉलो-अप किया है।ठाणे संभाग में जेएनएनयूआरएम और बीएसयूपी के तहत निर्मित भवनों में परियोजना प्रभावित नागरिकों को फ्लैट दिए गए हैं, जिनमें 6343 परिवार शामिल हैं।जो परिवार आर्थिक रूप से कमज़ोर, मज़दूर और आम लोग हैं, इसलिए वे स्टाम्प शुल्क और 50,000 रुपये से लेकर 1.34 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री की लागत वहन नहीं कर सकते थे। इस वजह से इन फ्लैटों को अपने नाम करवाना एक बड़ी समस्या थी।निवासियों ने विधायक संजय केलकर से मुलाकात की और इस संबंध में अपनी पीड़ा व्यक्त की। केलकर ने इस संबंध में राज्य सरकार और मनपा प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखा और इन परिवारों के लिए राहत की मांग की। राज्य सरकार ने इन परिवारों को राहत देने का निर्णय लिया है और मात्र 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर रजिस्ट्री और एक प्रतिशत स्टाम्प शुल्क में छूट दी है। इस संबंध में हाल ही में एक अध्यादेश जारी किया गया है, जिससे बीएसयूपी भवनों में रहने वाले हजारों परिवारों के लिए अपने फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है।इस बारे में बात करते हुए, श्री केलकर ने कहा, ₹मैंने इस संबंध में पाँच पत्र दिए हैं और राज्य सरकार तथा नगर निगम प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखा है।₹ श्री केलकर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस संबंध में एक अध्यादेश जारी किया है, जिसका लाभ बीएसयूपी भवनों में रहने वाले लगभग 50 हजार निवासियों को मिला है।


## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

**प्रभाग समिति क्र.3, सहाय्यक आयुक्त यांचे कार्यालय,**

महानगरपालिका शाळा क्र.14, मिलींद नगर, उल्हासनगर-4, दूरध्वनी क्र-2720193

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**जेए केआर उंपा/पीआरएसकेआर-3/69/2025** **दिनांक 18/11/2025**

## नोटीस

(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये) उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र. 3 चे हददीत खालील नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्षाच्या फांदया छाटणे व वृक्ष तोडणेकामी प्रस्ताव झालेला आहे.

| अ. क्र. | अर्जदाराचे नांव | झाडाचे ठिकाण | झाडांचे नंबर | झाडांची जात | अंदाजे झाडांची ऊंची | अंदाजे झाडांचा परिघ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुंबई रेलवे विकास कार्पोरेशन लिमिटेड, दुसरा मजला, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई-400020. | एफओआर आणि आर आर आय इमारतीच्या काम, उल्हासनगर स्टेशन, उल्हासनगर-4. | युबी-1 | गुलमोहर | 21 फुट | 6.6 फुट रुंद |
| | | | युबी-5 | कडुलिंब | 20 फुट | 5 फुट रुंद |
| | | | युबी-6 | आंबा | 20 फुट | 6.7 फुट रुंद |
| | | | युबी-7 | आंबा | 20 फुट | 7 फुट रुंद |
| | | एकुण झाडे | 4 झाडे | | | |

तसेच सदर ठिकाणी संबंधित मुकादमानी झाडाची पाहणी करुन त्यांचा पाहणी अहवाल तथा पंचनामा सादर केलेला आहे. याबाबत आपली काही हरकत असल्यास लेखी स्वरुपात दि.25/11/2025 रोजी पूर्वी सहा-आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र. 3 मिलींद नगर, मनपा शाळा क्र. 14, उल्हासनगर-4 या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबंधितास सुनावणी घेवुन अंतिम निर्णय घेतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

सही/-
**(विशाल कदम)**
वृक्ष अधिकारी तथा सहा आयुक्त
प्रभाग समिती क्र 3
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जा. क्र. उमपा / पीआरओ /386/2025**
**दिनांक :- 19/11/2025**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099